Planning Board had consumed an] Inter-State Task Force, under the Chairmanship of various issues involved in the creation of a separate NCR University. The Task Force has not finalised its report yet.

(b) to (d) Do not arise.

बिहार और उत्तर प्रदेश में नवोदय विद्यालय खोलने के लिये प्रस्ताव

4154. **श्री आरू मोहम्मद :**

श्री ईश दत्त यादव :

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को नवोदय विद्यालय खोलने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ;

(ख) इन प्रस्तावों के अनुसार किन-किन जिलों में नवोदय विद्यालयों की स्थापना की जानी है; और

(ग) ये प्रस्ताव राज्य सरकारों से कब प्राप्त हुए थे और केन्द्रीय सरकार ने इस पर अब तक क्या कार्यवाही की है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) जी, हां ।

उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य सरकारों से जिन जिलों में नवोदय विद्यालय खोलने के लिए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं उन जिलों को दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है । राज्य सरकारों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विवरण (नीचे देखिये) में निर्दिष्ट तिथियों के आधार पर निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार जांच की जाती है, जिसमें उचित पर्याप्त निःशुल्क भूमि तथा किराया मुक्त अस्थायी आवास का प्रावधान भी शामिल है । चूंकि निर्धारित मानकों के अनुसार उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य सरकारों से संतोषजनक प्रस्ताव नहीं पाए गए हैं अतः राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा करें ताकि यथाशीघ्र विद्यालयों को खोला जा सके ।

विवरण

उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य सरकारों से जिन जिलों में नवोदय विद्यालय खोलने के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुये है उनके नाम,

क्र०सं०	जिले का नाम	राज्य सरकारों द्वारा प्रस्ताव भेजने की तारीख
बिहार		
1	जहानाबाद	30-5-92
2	देवघर	30-5-92
3.	धनबाद	31-3-94
4.	बोकारो	18-5-94
5.	पूर्वी चम्पारण	10-12-94
6.	हजारीबाग	30-5-92
उत्तर प्रदेश		
1.	पीलीभीत	28-1-89
2.	लखनऊ	10-3-95
3.	कानपुर देहात	16-1-95
4.	फतेहपुर	26-2-88
5.	प्रतापगढ़	19-7-93
6.	पियौरागढ़	17-6-94
7.	पौड़ीगढ़वाल	5-8-94
8.	बांदा	12-3-92
9.	जालौन	9-7-93
10.	सोनभद्र	12-11-93
11.	देहरादून	14-4-92

Wastage on teachers salaries in Kendriya Vidyalay Sangathan

4155. SHRI GOVIND RAM MIRI: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that about ten crores of rupees are being wasted on the salaries of teachers of Kend-